ST. THOMAS' SCHOOL
DWARKA

परिपत्र संख्या : एस०टी०एस०/८७/२०२४–२५ ०३.०९.२०२४ (मंगलवार)

प्रिय अभिभावकगण

हिंदी दिवस प्रतिवर्ष १४ सितंबर को मनाया जाता है। यह दिवस हिंदी भाषा के सम्मान और उस दिन की याद में मनाया जाता है जब इसे भारत की राजभाषा के रूप में अपनाया गया था। हिंदी हमारे स्वाभिमान और गर्व की भाषा है। हिंदी दिवस मनाने का उद्देश्य हिंदी भाषा के प्रयोग को प्रोत्साहन देना और इसके प्रति लोगों को जागरूक करना है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए सेंट थॉमस स्कूल के कक्षा चौथी के विद्यार्थियों हेतु विशेष प्रार्थना एवं अनेक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें उनकी भागीदारी निश्चित रूप से उन्हें भाषा से जुड़ने में सहायता करेगी।

हिंदी दिवस की गतिविधियाँ निम्नलिखित हैं—

कक्षा	गतिविधि
चौथी–ए	विशेष प्रार्थना एवं प्रस्तुति
चौथी–बी	मेरी जीवनी, मेरी जुबानी (प्रसिद्ध साहित्यकारों के रूप में अपने आप को प्रस्तुत करना)
चौथी–सी	हिंदी दिवस पर नारा लेखन और वाचन
चौथी–डी	व्याकरण की साँप-सीढ़ी का खेल
चौथी–ई	'हिंदी हमारी पहचान' - हिंदी दिवस पर कविता वाचन
चौथी–एफ	मुहावरों का खेल

श्रीमती मेनका आई० सिंह
(प्रधानाचार्या)